पुण्य स्मृति में कार्डियक मॉनिटर भेंट किया

बीदासर। राजकीय गोवर्धन प्रसाद टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीदासर में रविवार को दानदाता गंगाराम विमल भोभरिया द्वारा अपने नाना स्व. पांचीराम छापोला की पुण्य स्मृति में कार्डियक मॉनिटर भेंट किया गया। इस अवसर पर कार्डियक मॉनिटर का विधिवत उद्घाटन दानदाता गंगाराम भोभरिया ने फिता काट कर किया। उद्घाटन के पश्चात दानदाता भोभरिया का सीएचसी प्रभारी डाक्टर राजेंद्र घोसल्या व डाक्टर लोकेश शर्मा ने साफा, माला व सम्मान पत्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। डोनेशन की इसी कड़ी में नर्सिंग स्टूडेंट शशांक, नरेश, आकाश, पंकज, सुनील, अल्ताफ की टीम ने सर्जिकल उपकरण की कीट मरीजों के उपचार हेतु भेंट किए। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी प्रभारी डाक्टर राजेंद्र घोसल्या और समस्त स्टाफ ने दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीजों के लिए यह कार्डियक मॉनिटर उपकरण एक वरदान साबित होगा। उपकरण को डोनेट करने हेतु भामाशाह को प्रेरित करने वाले नर्सिंग ऑफिसर मनमोहन शर्मा ने भामाशाह विमल भोभरिया सूरत व्यवसाई को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में दानदाता परिवार के मोहन लाल छापोला, कन्हैया लाल छापोला, महेश स्वामी, संतोष पंवार, धर्मदत्त शर्मा, महेंद्र सैनी आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन मनमोहन शर्मा ने किया।

नकली वकील बनकर घुमता था, घर पर कमरे में भर रखा था चोरी का सामान

झुंझुनूं। शहर के अंबेडकर नगर में तीन नवंबर को हुई 80 लाख की ज्वैलरी व नगदी की वारदात का कोतवाली पुलिस ने खुलासा किया हैं। कोतवाली पुलिस ने चोर की तलाश में 400 सीसीटीवी खंगाले। सीसीटीवी खंगाले के दौरान पुलिस को एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार संदिग्ध नजर आई। जिसके बाद पुलिस ने स्विफ्ट कार को तलाशते हुए चिड़ावा पहुंची और आरोपी को चिड़ावा से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने वारदात में काम में ली गई कार भी बरामद की है। कोतवाली थानाधिकारी पवन चौबे ने जानकारी देते

- **झुंझुनूं शहर के अंबेडकर नगर में लाखों की चोरी का मामला**

हुए बताया कि पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र प्रसाद को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी बिलवा खेतड़ी का रहने वाला है। जो कुछ सालों से परिवार के साथ चिड़ावा की गौशाला रोड पर स्वयं को हाईकोर्ट को वकील बताकर किराए के मकान में रह रहा था। गिरफ्तार आरोपी पर कई थानों में नकबजनी के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में झुंझुनूं के अलावा चूरू, सीकर, नागौर, खेतड़ी की जेलों में भी रह चुका है। कोतवाली थानाधिकारी पवन चौबे ने बताया कि तीन नवंबर की रात पीड़ित भागीरथमल कुमावत अंबेडकर नगर स्थित घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ अपने दूसरे मकान पर गए थे। लौटे तो मकान में सामान बिखरा पड़ा था। भागीरथमल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि चोर 80 लाख के गहने, ढाई लाख कैश और सामान ले गया। केस सुलझाने के लिए झुंझुनूं कोतवाली के कॉन्स्टेबल प्रवीण कुमार ने दिन-रात मेहनत की। करीब एक सप्ताह तक आरोपी का पीछा किया। सीसीटीवी कैमरे खंगाले। आरोपी राजेन्द्र प्रसाद की पहचान स्विफ्ट कार से हो सकी। वह चोरी करने कार से ही जाता था। पुलिस रिकॉर्ड में भी उसकी पहचान स्विफ्ट कार से थी। पुलिस रिकॉर्ड से उसका पता निकाला और पीछा करते हुए पुलिस टीम चिड़ावा आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। कोतवाली पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। आरोपी से और भी चोरी की वारदातें खुलने की संभावना है। जांच अधिकारी एएसआई ओमप्रकाश भांबू ने बताया कि आरोपी ने घर में चोरी के सामान के सामान का कमरा भर रखा था।

80 लाख की ज्वैलरी व नगदी की वारदात का कोतवाली पुलिस ने खुलासा किया ।

विधिक साक्षरता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

उदयपुरवाटी। राजीव गांधी युवा विकास संस्थान कोट की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोट में राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुआ । इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि समाज के गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करना उनका नैसर्गिक अधिकार है । देश की विधि के समक्ष सभी नागरिकों को समानता व उनके लिए समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली उचित, निष्पक्ष एवं न्याय सबके लिए की न्याय प्रक्रिया व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । कार्यशाला में बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण, निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विवाह निषेध अधिनियम, गुड टच बैड टच, बाल तस्करी सहित विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई । कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मीणा ने बाल विवाह, गुड टच बैड टच सहित कई सामाजिक बुराइयों के विषय में जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया । इस मौके पर विद्यार्थियों को कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम की शपथ दिलाई गई । इस दौरान महेंद्र कुमार जांगिड़, प्रताप सिंह खेदड़, बलराम गुर्जर, लक्ष्मण सिंह सैनी, विक्रम सिंह बजावा, अमर सिंह मीणा सहित कई मौजूद रहे ।

जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार व एसपी ने किया संवाद

झुंझुनूं। विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से आयोजित करने के लिए नियुक्त एरिया मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक रविवार को सूचना केंद्र सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने कहा कि उप चुनाव के लिए नियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी आपस में समन्वय बनाए रखते हुए टीम भावना के साथ सौंपे दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप धैर्य, गंभीरता एवं भय मुक्त होकर अपने कार्यों को अंजाम दें। उन्होंने कहा कि ईवीएम के मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्ति तक सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव के लिए की गई पुलिस एवं कानून व्यवस्था की जानकारी देते हुए कहा कि

- **विधानसभा उपचुनाव की तैयारीयों को लेकर एरिया मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई**

चुनाव के लिए पुलिस का पर्याप्त जाब्ता लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण सजगता एवं दिशा निर्देशों के तहत अपना कार्य करें। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट्स से कहा कि मतदान के दिन अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखें। किसी भी अव्यवस्था होने पर तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट व पुलिस टीमें बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार आर्य ने सेक्टर मजिस्ट्रेट्स से कहा कि आयोग द्वारा जारी निर्देशों की पालना किया जाना सुनिश्चित करें।

चिकित्सा शिविर का 460 लोगों ने लाभ उठाया

झुंझुनूं। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, महावीर इंटरनेशनल मंड्रेला एवं ललित रुंगटा ग्रुप नासिक के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय सत्यनारायण रुंगटा की पुण्य स्मृति में उनके परिवार ललित रुंगटा द्वारा विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा आरोग्य हॉस्पिटल मंड्रेला में संपन्न हुआ।

अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान ने बताया कि शिविर में 265 लोगों की आंखों की जांच कर डॉक्टर्स के परामर्श अनुसार दवाइयां व 135 चश्में वितरित किए गए। वहीं 24 मोतियाबिंद के रोगियों को चयनित किया गया। जिनके ऑपरेशन सोमवार व बुधवार को करवाए जाएंगे। डॉक्टर्स टीम द्वारा 195 मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप रोगियों की जांच कर परामर्श दिया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष एवं महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, महावीर इंटरनेशनल मंड्रेला केंद्र के चैयरमैन डॉ. विधान रावल, पवनकुमार खेतान, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, रमेश कुमार तुलस्यान, सुशील कुमार रुंगटा, महेंद्र कुमार रुंगटा, सुभाषचंद्र रुंगटा, पंकज रुंगटा, सुरेंद्र लाठ, डॉ. धर्मवीर शर्मा, डॉ. अनिल अग्रवाल, नथमल रुंगटा, सुभाषचंद्र, सुभाष सैनी, महिपाल, शंकरलाल पोलीवाल काफी संख्या में गणमान्य जन वीर वीराएं अस्पताल स्टाफ, अग्र बंधु व ग्राम वासी उपस्थित रहे।

निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन।

दीर्घकालीन सहकारी कृषि एवं अकृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना लागू

सीकर। राज्य सरकार ने कृषि एवं उससे जुड़े हुए क्षेत्रों में उत्पादन तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से दीर्घकालीन सहकारी कृषि एवं अकृषि ऋणों पर ब्याज अनुदान योजना, 2024-25 लागू करने के लिये आदेश जारी कर दिये हैं। प्रदेश में पहली बार दीर्घकालीन कृषि ऋणों का समय पर चुकारा करने पर 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जायेगा। यह अनुदान वर्ष 2024-25 के दौरान वितरित ऋणों का समय पर चुकारा करने पर दिया जायेगा। यह जानकारी सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने दी।

दक ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में 2 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान की घोषणा की गई थी, जिसे किसान हित में प्राथमिकता से लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों द्वारा पूर्व में कृषि ऋण प्राप्त किया है और वे अपने ऋण का समय पर चुकारा कर रहे हैं, ऐसे किसानों को 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ मिलेगा।

सहकारिता राज्य मंत्री ने बताया कि पहली बार इस योजना के तहत उत्पादक अकृषि ऋणी किसानों को भी सम्मिलित कर लाभान्वित किया गया है। अब उत्पादक अकृषि ऋणों का समय पर चुकारा करने वाले किसानों को भी 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से समय पर अपने ऋण की किश्तों का भुगतान करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करते हुये किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार अधिकाधिक ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना है। श्री दक ने बताया कि यह योजना प्रदेश के प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक एवं केन्द्रीयसहकारी बैंकों के माध्यम से वितरित कृषि एवं अकृषि ऋणों के समय पर चुकारा करने पर लागू होगी। यदि कोई

- **पहली बार दीर्घकालीन सहकारी कृषि ऋणों पर 7 प्रतिशत एवं अकृषि ऋणों पर मिलेगा 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान**

किसान केन्द्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से सहकार किसान कल्याण योजना के तहत इस वर्ष कृषि ऋण लेता है और वह उसका नियमित चुकारा करता है तो उसे 7 प्रतिशत ब्याज का अनुदान मिलेगा। इस प्रकार उसे मात्र 4 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करना होगा।

उन्होंने बताया कि इस बार ब्याज अनुदान हेतु कुल 39.75 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना के लागू होने से किसान आधुनिक खेती के लिये प्रोत्साहित होंगे तथा भूमि सुधार करते हुए उत्पादकता को बढा पायेंगे। जिससे किसानों की आय में बढोतरी होगी तथा सहकारी बैंक अधिक किसानों को कृषि एवं अकृषि ऋण मुहैया करा पायेंगे।

इतना होगा फायदा : यदि किसान इस वर्ष सहकार किसान कल्याण योजना (कृषि ऋण) के अन्तर्गत 10 लाख रुपये का ऋण लेता है और वह अपनी किश्तें नियमित चुकाता है तो उसे इस वर्ष 7 प्रतिशत की दर से राशि 68231 रुपये का ब्याज अनुदान मिलेगा। इस प्रकार उसे 107220 रुपये के बजाय 4 प्रतिशत की दर से मात्र 38989 रुपये ही ब्याज देना होगा। इसी प्रकार यदि किसान खेत पर आवास योजना (अकृषि ऋण) के अन्तर्गत 50 लाख रुपये का ऋण लेता है और वह अपनी सभी किश्तें समय पर चुकाता है तो उसे इस वर्ष 5 प्रतिशत की दर से राशि 246108 रुपये का ब्याज अनुदान मिलेगा।

डॉ. मिनाक्षी जांगिड़ की सेवाएं सराहनीय रही

नवलगढ़। जांगिड़ अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मिनाक्षी जांगिड़ प्रत्येक माह की 9, 18, 27 तारीख को दो घंटे स्थानीय सरकारी अस्पताल में जाकर राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मां वाउचर योजना के तहत सेवाएं देती है।

इसके तहत निशुल्क जांच 14 सप्ताह से ज्यादा गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा दी जाती है। इससे मातृ व शिशु मृत्यु दर मे कमी आएगी। यह सुविधाएं सरकारी नियमों के तहत पात्र महिला को दी जाती है। डॉ. मिनाक्षी जांगिड़ राष्ट्रीय परिवार नियोजन योजना में भी सहयोग करती रहती है। इसके लिए लगातार चार साल राजस्थान में निजी चिकित्सकों में लाखों रूपए के पुरस्कार व सम्मान भी मिल चुके है। एनिमिया मुक्त अभियान अलॉयंस क्लब के द्वारा हर माह की दो तारीख को जांगिड़ अस्पताल में निशुल्क जांच कर निशुल्क दवा व परामर्श देती रहती है। इसके अलावा बेटी बचाओ अभियान के तहत आपकी भूमिका अग्रणी रही है। आप सिर्फ बेटी पैदा होने पर उनके माता पिता का सम्मान भी

- **योजना के तहत 14 सप्ताह से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा दी जाती है**

करती रही है। राष्ट्रीय कार्यक्रम अंधता निवारण के तहत अलॉयंस क्लब के द्वारा आयोजित हर माह की 12 तारीख को वृद्ध महिलाओं को नेत्र जांच कर ऑपरेशन के लिए प्रेरित करती है। मधुमेह, दमा व गठिया रोग जो हर माह की 24 तारीख को जांगिड़ अस्पताल मे कैंप लगाया जाता है। उसमें भी रोगियों की जांच कर दवा दी जाती है। आरजीएचएस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच व ईलाज के लिए डॉ. मिनाक्षी जांगिड़ अधिकृत है। आप कुशल स्त्रीरोग विशेषज्ञ व सर्जन है। आप सोशल मीडिया द्वारा भी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती रहती है। आपके मधुर व्यवहार ने क्षेत्र वासियों का दिल जीत रखा है।

बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के अवतार माह पर ब्लॉक स्तरीय चर्चा आयोजित

सादुलपुर। एमएसजी डेरा सच्चा सौदा के वर्तमान गद्दी नशीन पूज्य संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा के हुक्मानुसार चैनपुरा बडा में एमएसजी डेरा सच्चा की प्रथम पातशाही बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के अवतार दिवस माह की सिद्धमुख ब्लॉक की विशेष नामचर्चा का आयोजन रविवार दोपहर 01 बजे किया गया।

वहीं बिशन सिंह इन्सां के आवास पर आयोजित आयोजित ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा में सर्व प्रथम उपस्थित साध संगत ने धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा के पवित्र नारे के साथ अरदास विनती बोलकर नामचर्चा का शुभारंभ किया गया। ततपश्चात कविराज भाइयों ने परम पिता शाह सतनाम जी महाराज के पवित्र वचनों कों भजनों के माध्यम से गाकर साध संगत कों मंत्र मुग्ध कर दिया। राजस्थान प्रांत के 85 मेंबर भाई मोहनलाल इन्सां व शिवकुमार इन्सां ने डेरा सच्चा सौदा के हिदायतें पढकर सुनाई, तथा एमएसजी डेरा सच्चा सौदा द्वारा किये जा रहे मानवता भलाई के कार्यो में बढ-चढकर भाग लेने का आहवान किया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शिवकुमार इन्सां ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक मस्ताना जी महाराज ने नवंबर माह में जन्म लिया था जिसका डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालु पूरे विश्व में भण्डारे के रूप में मनाते है इसी कडी में आज चैनपुरा बडा में ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा में भी अवतार माह के उपलक्ष में भंडारा मनाया गया है। ब्लॉक प्रेमी सेवक शीशराम इंसा ने नामचर्चा कार्यक्रम का संचालन किया। इसी दौरान राजस्थान प्रान्त के 85 मेम्बर किरसन इन्सां, राजू सिंह इन्सां, देवीलाल इन्सां, रामचन्द्र इन्सां सहित सैकडो श्रद्धालुओं ने बलॉक स्तरीय विशेष नामचर्चा में शिरकत कर सतगुरू की महिमा का गुणगान किया।

चैनपुरा बडा में प्रेमी बिशन सिंह इन्सां के आवास पर आयोजित बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के अवतार माह पर सिद्धमुख ब्लॉक की ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा में उमड़े लोग।

39वां वार्षिक अधिवेशन महाविद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया

झुंझुनूं। महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान पीजी महाविद्यालय का 21वां एवं महर्षि दयानंद महिला शिक्षण संस्थान समिति 39वां वार्षिक अधिवेशन महाविद्यालय परिसर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव डॉ. घासीराम वर्मा एवं माता रूकमणि देवी के सानिध्य में तथा मुख्य अतिथि सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती थे।

समारोह की अध्यक्षता लांबी अहीर ग्राम पंचायत की हॉकी वाली सरपंच नीरू सिंह यादव ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी रामनिवास जाट, मालीराम वर्मा पूर्व सेवानिवृत मुख्य अभियंता के साथ मंच पर संस्था उपाध्यक्ष ओमप्रकाश केजड़ीवाल, संस्था सचिव डॉ. हनुमान प्रसाद एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़ उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समिति सदस्यों द्वारा मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया। सचिव डॉ. हनुमानप्रसाद ने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा डॉ. रामस्वरूप जाखड़ ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान महाविद्यालय की समस्त कक्षाओं की टॉपर्स छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर चार गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाली टॉपर छात्राओं का एवं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली सभी कक्षाओं की बालिकाओं का सम्मान व अभिनंदन किया गया। इसके अलावा आर्थिक एवं असहाय छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस दौरान सात लाख रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। समारोह के दौरान छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी। अपने मुख्य वक्तव्य में सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि आज वर्तमान में महिला शिक्षा की जो देन है। वो महर्षि दयानंद सरस्वती की बदौलत ही संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि 19वीं शताब्दी से पूर्व बालिकाओं को शिक्षा नहीं दी जाती थी। लेकिन अपने वेदों में और सनातन संस्कृति में विदुषी महिलाओं को उचित स्थान दिया है और नारी समानता पर बल देते हुए उन्हें समाज की मुख्य कड़ी माना है। सरस्वती ने कहा की इस विज्ञान महाविद्यालय की प्रतिभावान बालिकाओं को सम्मानित होते देखकर वो अभिभूत हैं ।

सार-समाचार

सातों सीटों पर भाजपा की जीत से और मजबूत होगी सरकार : बैंसला

झुंझुनूं। विधानसभा उपचुनाव को लेकर जनसंपर्क करने गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह बैंसला रविवार को झुंझुनूं दौरे पर रहे। भाजपा नेता विजय बैंसला ने गुर्जर बाहुल्य क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उतरासर, उदावास, चारणवास एवं देसूसर गांव में जाकर भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू के समर्थन में गुर्जर समाज के लोगों से जनसंपर्क किया। जगह-जगह विजय सिंह बैंसला का गुर्जर समाज के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। देसूसर गांव पहुंचे भाजपा नेता विजय सिंह बैंसला ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव में सातों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की विजयी होगी। उन्होंने कहा कि आज जनसंपर्क के दौरान लोगों का भाजपा के प्रति बेहतरीन रूख नजर आया है। इसलिए झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव में भाजपा पूरे दमखम के साथ सीट जीतेगी। जिससे सरकार और अधिक मजबूत होगी। इसके अलावा गुर्जर नेता विजय सिंह बैंसला ने समाज के लोगों को सामाजिक कुरीतियां त्यागकर स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के पदचिह्नों पर चलते हुए आगे बढ़ते रहने के रूप में संबोधित किया। इस दौरान उप जिला प्रमुख सत्यवीर गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य नरेश गुर्जर, गौरक्षक सेना राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सुलतान सिंह गुर्जर, माणिकचंद गुर्जर, मूलचंद गुर्जर, विद्याधर गुर्जर, बलबीर गुर्जर, भागीरथ, मनोहर लाल, रामचंद्र, जयकरण गुर्जर, सुरेंद्र सिंह गुर्जर सोती, अजय गुर्जर, मिथलेश गुर्जर, सुरेंद्र गुर्जर, प्रकाश एवं रणजीत गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहे।

उप चुनावों के प्रचार में सियासी बयानबाजी जोरों पर

झुंझुनूं। झुंझुनूं के उप चुनावों के प्रचार का सोमवार को अंतिम दिन है। ऐसे में सियासी बयानबाजी के साथ-साथ अब नेताओं पर व्यक्तिगत हमले भी शुरू हो गए है। अब तक सांसद बृजेंद्र ओला और उनके परिवार पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर रहे निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी पर भी बड़ा हमला बोलते हुए उन पर व्यक्तिगत टिप्पणी की है। झुंझुनूं शहर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री आ रहे है। 10-10 मंत्री और 20-30 विधायक झुंझुनूं में डेरा डाले हुए है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी समाज की ठेकेदार बनकर झुंझुनूं आई। मैं दिया कुमारी से पूछना चाहता हूं कि उनकी शादी सिटी पैलेस में क्यों नहीं हुई। उनकी शादी का मंडल कहां लगा। किसी को नहीं पता। लेकिन जब दिया कुमारी की शादी हो रही थी तो राजपूत समाज धरने पर बैठा था। ऐसे नेता राजपूत समाज के ठेकेदार बनकर झुंझुनूं आ रहे है। इस भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करते। ना ही इस तरह किसी के निजी जीवन पर की गई टिप्पणी का समर्थन करते है।बता दें कि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी 5 नवंबर को झुंझुनूं पहुंचीं थीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में जनसंपर्क किया था। कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली थी।

राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे मनोज मील

झुंझुनूं। भारत सरकार के उपभोक्ता मामलात मंत्रालय के द्वारा आगामी 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदेश का प्रतिनिधित्व जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं के अध्यक्ष मनोज मील करेंगे। राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने उन्हें नामित किया है। पिछले वर्ष भी उन्हें राज्य आयोग ने नामित किया था। गौरतलब है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर विज्ञान भवन दिल्ली में उपभोक्ता मामलात मंत्रालय द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसकी थीम ''वर्चुअल हियरिंग एण्ड डिजिटल एक्सेस टू कंज्यूमर जस्टिस'' रखा गया है। कार्यक्रम में उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय केबिनेट मंत्री समेत कई केबिनेट मंत्री, उपभोक्ता मामलात मंत्रालय के सचिव और प्रत्येक राज्य के प्रतिनिधि एवं उच्चाधिकारी हिस्सा लेंगे।

डिजिटल एवं सोशल मीडिया विज्ञापनों का अधिप्रमाणन आवश्यक

झुंझुनूं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा उप चुनाव-2024 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं सोशल मीडिया पर विज्ञापनों का अधिप्रमाणन आवश्यक है तथा मतदान दिवस एवं उसके पूर्व दिवस (12 एवं 13 नवम्बर) को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले विज्ञापनों का भी अधिप्रमाणन जरूरी रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) रामावतार मीणा ने बताया कि राजनीतिक विज्ञापनों के अधिप्रमाणन के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल एवं सोशल मीडिया के राजनीतिक विज्ञापनों का प्रसारण अधिप्रमाणन के बाद ही किया जा सकेगा। चुनाव के दौरान ई-पेपर में प्रकाशित विज्ञापनों, बल्क एसएमएस, सोशल मीडिया, वेब पोर्टल एवं मोबाइल वैन पर प्रसारित होने वाली विज्ञापन सामग्री का भी अधिप्रमाणन आवश्यक होगा। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति को आवेदन करना होगा।

कल होगी मतदान दलों की रवानगी

झुंझुनूं। विधानसभा उप चुनाव के लिए मतदान दलों को तृतीय प्रशिक्षण तथा उनकी रवानगी 12 नवंबर को सेठ मोतीलाल कॉलेज से की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण सेठ मोतीलाल कॉलेज साईंस ब्लॉक के सामने मुख्य लॉन में आयोजित होगा। माइक्रो आब्जर्वर की बैठक व्यवस्था शिक्षा भवन के भू तल के कमरा नंबर 103 में की जाएगी। केंद्रीय पर्यवेक्षक के द्वारा माइक्रो आर्ब्जवर की ब्रीफिंग की जाएगी। दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र पर नियुक्त कार्मिकों के लिए सिटिंग अरेंजमेंट प्रथम पंक्ति में रहेगी। जिनके वाहन मुख्य भवन के परिसर में अनुमत होंगे। वहीं महिला प्रबंधित मतदान दलों के वाहनों की व्यवस्था पृथक से की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतदान दलों को बैठक स्थल पर ही उनकी कुर्सी के समीप ईवीएम व वीवीपैट की उपलब्धता करवाई जाएगी। इसी प्रकार सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को भी मतदान सामग्री का वितरण बैठक स्थल पर ही किया जाएगा। कॉलेज परिसर में सामान्य कंट्रोल रूम एवं पुलिस कंट्रोल रूम संचालित किया जाएगा।

सांखला अध्यक्ष मनोनीत

रतनगढ़। सैनी समाज अतिथि भवन में रविवार को सैनी समाज की विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें जिलाध्यक्ष डुंगरमल तंवर ने जिला उपाध्यक्ष हीरालाल खडोलिया(परदेशी) व जिला प्रमुख महावीर प्रसाद गहलोत की अनुशंसा पर बीदासर सैनी समाज तहसील अध्यक्ष पद पर ललित सांखला को मनोनीत किया। साथ ही जिला उपाध्यक्ष पद पर रामनिवास सांखला को भी मनोनीत किया गया। जिला महामंत्री बजरंग लाल किरोड़ीवाल, जिला महासचिव चिरंजीलाल पापटाण, जिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन कुमार तंवर, रतनगढ़ ईकाई अध्यक्ष महेश गौड़ द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। बैठक में उपस्थित समाजबंधुओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर रामेश्वर लाल सांखला, कन्हैयालाल सांखला, झूमरमल टाक, डूंगरमल सांखला, चंदनमल सांखला, किशनलाल सांखला, कालूराम सांखला, सोनाराम सांखला, महेंद्र सांखला, चम्पालाल महावर, करणीराम मारोठिया, सुरेश खडोलिया, विजय खडोलिया, बजरंग लाल खडोलिया, कमल सांखला आदि सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित थे।

पुष्करणा छात्रावास नशेड़ियों का अड्डा बना

बीकानेर, (कासं)। निर्माणाधीन पुष्करणा छात्रावास परिसर में नशेड़ियों ने एक भी कमरे और बाथरूम को नहीं छोड़ा जिसे नशे के दौरान काम न लिया गया हो। शराब की टूटी बोतलें, गांजा,अफीम स्मैक के साथ सिगरेट, इंजेक्शन, नशीली दवाओं की बोतलें फॉयल पेपर,10-20 रूपयों के अधजले नोट इस बात की ओर इशारा कर रहे थे ये जगह पूरे तरीके से नशेड़ियों के नियंत्रण में है। सफाई अभियान के दौरान इस सब सामग्री को कट्टे में डालकर बाहर फेंका गया। करीबन इस परिसर में 10 कट्टे नशीले वस्तुओं का कचरा निकला। सफाई अभियान में वेदव्यास के साथ बृजमोहन पुरोहित, विक्रम सिंह राजपुरोहित, संतोष पुरोहित, बजरंग तंवर,गिरधर जोशी, ऋषि पारीक, सेठी किराड़ू, भव्य, विक्रम हर्ष , रामदेव, कालू व्यास, विशेष व्यास, विक्की पुरोहित, हिमांशु किराड़ू, दाऊजी लहरी, जीतू भादानी, भूतनाथ मंडल, सहित कई जागरूक युवा मौजूद थे।